**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**20.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण 16 जून से होगा शुरू–पहली से 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से दर्ज की जा सकती है जानकारी।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा– एक भारत–श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम से देश की एकता व अखण्डता को मिल रही मजबूती।
- मुख्यमंत्री ने गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में हिमाचल को देश भर में छठा स्थान मिलने पर जताई प्रसन्नता–अध्यापकों व कर्मचारियों को दी बधाई।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे में विफल रहने का लगाया आरोप, कहा–अभी तक एक भी गारंटी नहीं हुई पूरी।
- दवा विक्रेताओं की देशव्यापी हड़ताल का प्रदेश में भी दिखा असर–सोलन सहित अन्य जिलों में दवा दुकानें बंद रहने से मरीज परेशान।

**जनगणना**

हिमाचल प्रदेश में जनगणना–2027 का पहला चरण 16 जून से शुरू हो रहा है जो 15 जुलाई तक चलेगा। जनगणना के सफल कार्यान्वयन को लेकर आज जनगणना कार्य निदेशालय शिमला में एक बैठक हुई जिसमें आकाशवाणी, दूरदर्शन, सीबीसी और पत्र सूचना ब्यूरो के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान जनगणना को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए रणनीति बनाई गई। जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीप शिखा शर्मा ने बताया कि जनगणना 2027 में पहली बार परिवार को स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा और लोग पहली से 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से वैब पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से जनगणना में सहयोग की अपील की है।

**एक भारत–श्रेष्ठ भारत**

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की महत्वाकांक्षी पहल ''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' के तहत शुरू किए गए युवा संगम कार्यक्रम के तहत हिमाचल और पुडुचेरी के बीच सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान–प्रदान की एक अनूठी पहल चलाई जा रही है।

इसी सिलसिले में एनआईटी पुडुचेरी के 48 छात्रों और फेकल्टी समन्वयकों का एक दल केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला पहुंचा है। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए एक भारत–श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम से देश की एकता व अखण्डता को मजबूती मिलेगी और इसके माध्यम से युवाओं को देश के सभी राज्यों की संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिल रहा है।

**राज्यपाल–स्कूल दौरा**

इस बीच राज्यपाल ने आज कांगड़ा जिले के राजकीय प्राथमिक स्कूल गुजरेडा का दौरा कर बच्चों, अध्यापकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। कविन्द्र गुप्ता ने बच्चों को समर्पण व आत्मविश्वास के साथ शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने बेहतर कक्षाओं, स्वच्छता सुविधाओं, डिजिटल शिक्षा संसाधनों और ग्रामीण विद्यालयों में अनुकूल शैक्षणिक वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडैक्स रिपोर्ट में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में हिमाचल को देश भर में छठा स्थान प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश सात अंकों की छलांग लगाकर 13वें से

छठे स्थान पर पहुंच गया है जबकि राज्यों की श्रेणी में हिमाचल तीसरे नम्बर पर है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षा विभाग के सभी अध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं और सभी स्कूलों में पहली कक्षा से अग्रेजी माध्यम शुरू कर दिया गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि सरकार द्वारा अध्यापकों को एक्सपोजर विजिट के लिए विदेश भेजा जा रहा है और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को भी विदेश भ्रमण करवाया जा रहा है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने आज मण्डी जिले में सराज विधानसभा क्षेत्र के अनेक स्थानों पर जिला परिषद चुनाव के भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाओं को सम्बोधित किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार पिछले वर्ष आपदा के दौरान सड़कों पर गिरे मलबे को हटाने में भी नाकाम रही है और ग्रामीण रूटों पर चलने वाली बसें अभी भी बंद हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत व नगर परिषदों के चुनाव परिणामों से ये स्पष्ट हो गया है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रचण्ड बहुमत से सत्ता में आएगी।

**सीबीआई**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सी.बी.आई की शिमला ईकाई ने आज शिमला में भ्रष्टाचार निवारण को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस मौके पर सी.बी.आई के पुलिस अधीक्षक राजेश चहल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और पत्रकारों को सी.बी.आई की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार के मामले से केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि समाज के सभी लोग प्रभावित होते हैं। राजेश चहल ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में आम लोगों की भूमिका को अहम बताया और सभी से रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार के मामलों की सूचना तुरंत विभाग को देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छोटी रकम के लेन देन पर भी सीबीआई मामला दर्ज करेगी और सीबीआई के पास स्टाफ की कोई कमी नहीं है। राजेश चहल ने लोगों से अपील की कि यदि कोई अधिकारी व कर्मचारी दबाव में डाल कर रिश्वत की मांग करे तो तुरन्त उसकी शिकायत करें।

**शिक्षा मंत्री**

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आज से दो दिवसीय शिक्षा व करियर मार्गदर्शन मेला शुरू हुआ। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इसका शुभारम्भ किया। इस दौरान विद्यार्थियों व अभिभावकों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों और विभिन्न व्यवसायिक कोर्स के बारे में जानकारी दी जा रही है। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस तरह के एजुकेशन एक्सपो बच्चों के लिए मददगार साबित होते हैं और उन्हें बेहतर करियर चुनने का मार्गदर्शन मिलता है। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने हाल ही में घोषित हुए दसवीं व जमा दो कक्षा के परिणामों में 85 फीसदी या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

**ई–फार्मेसी**

ई–फार्मेसी के विरोध में दवा विक्रेताओं की राष्ट्रव्यापी बंद के आहवान का आज प्रदेश में भी असर देखने को मिला। सोलन जिले की लगभग डेढ़ हजार दवा दुकानें आज पूरी तरह बंद रही। दवा व्यापारियों ने सरकार से ऑनलाइन दवा की खरीद पर रोक लगाने की मांग की है। सोलन जिला कैमिस्ट एसोसिएशन के सहसचिव विपुल शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन दवा खरीद से दवा व्यापारियों का व्यापार खत्म हो रहा है और लोगों को नकली दवाएं ही मिल रही हैं।

**बैकवर्ड लिंकेज**

शिमला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया और बैकवर्ड लिंकेज स्थापित कर अलग–अलग राज्यों से मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस मुख्यालय शिमला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक धीमान ने आज शिमला में बताया कि उत्तर प्रदेश और पंजाब से दो मुख्य चिट्टा तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ शिमला पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

## पंचायत चुनाव

प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। राज्य में एक सौ 31 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं जिनमें से सबसे अधिक 42 पंचायतें शिमला जिले की हैं। प्रदेश भर में एक सौ 76 पंचायत प्रधानों का चुनाव निर्विरोध हुआ है और इनमें से सबसे अधिक 51 पंचायत प्रधान शिमला जिले के हैं। चुनाव से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक इस बार बैलेट बॉक्स पर लगे क्यू आर कोड को स्कैन करने के बाद ही पोलिंग पार्टियां अपने–अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना की जाएंगी। नाहन में भी आज मतदान अधिकारियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी अंजलि गर्ग ने बताया कि 23 मई को तीसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण 16 जून से होगा शुरू–पहली से 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से दर्ज की जा सकती है जानकारी।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा– एक भारत–श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम से देश की एकता व अखण्डता को मिल रही मजबूती।
- मुख्यमंत्री ने गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में हिमाचल को देश भर में छठा स्थान मिलने पर जताई प्रसन्नता–अध्यापकों व कर्मचारियों को दी बधाई।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे में विफल रहने का लगाया आरोप, कहा–अभी तक एक भी गारंटी नहीं हुई पूरी।
- दवा विक्रेताओं की देशव्यापी हड़ताल का प्रदेश में भी दिखा असर–सोलन सहित अन्य जिलों में दवा दुकानें बंद रहने से मरीज परेशान।